## महत्वपूर्ण एवं खास

### मतदान पश्चात ईवीएम एवं निर्वाचन दस्तावेजों के सुरक्षित संग्रहण की संवीक्षा 12 फरवरी को

#### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं प्रेक्षक की उपस्थिति में केआईटी कालेज में दोपहर 12 बजे होगी संवीक्षा प्रक्रिया

**रायगढ़।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024-25 के मतदान के पश्चात 12 फरवरी को किरोड़ीमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी (केआईटी)कालेज गढ़उमरिया के स्ट्रांग रूम में ईवीएम के अतिरिक्त पीठासीन अधिकारी के डायरी, रिकार्ड किए गए मतों का लेखा निर्वाचक नामावली की चिन्हित प्रति और मतदाता रजिस्टार को सुरक्षित रखा जाना है। उक्त कार्यवाही 12 फरवरी को केआईटी कालेज गढ़उमरिया स्थित प्रेक्षक रूम में प्रेक्षक एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि तथा अभ्यर्थी अथवा अभ्यर्थी के अभिकर्ता के उपस्थिति में किया जाना है। पूर्व में प्रात: 9 बजे संवीक्षा रखी गई थी, जो अब दोपहर 12 बजे केआईटी कॉलेज में रखी गई है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को संवीक्षा बैठक में उपस्थित होने हेतु आग्रह किया है।

### गणन अभिकर्ताओं के नियुक्ति के संबंध में दिशा-निर्देश

**रायगढ़।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2025 अंतर्गत 15 फरवरी 2025 को केआईटी कालेज गढ़उमरिया में प्रात: 6 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी। मतगणना का कार्य कुल 48 टेबल में किया जाएगा। जिसमें महापौर के मामले में प्रत्येक गणना मेज के लिए एक गणन अभिकर्ता तथा पार्षद के मामले में वार्ड में मतदान केन्द्रों की संख्या 5 तक हो तो केवल 1 गणना अभिकर्ता अन्यथा 2 गणन अभिकर्ता नियुक्त किया जाना है। अभ्यर्थी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता स्वयं रिटर्निंग ऑफिसर या सहायक रिटर्निंग ऑफिसर गणन कार्य का देखरेख कर सकता है। गणन अभिकर्ता की नियुक्ति निर्धारित प्रारूप-13 (नियम 35 (1))में अभ्यर्थी/ निर्वाचन अभिकर्ता के हस्ताक्षर एवं गणन अभिकर्ता के हस्ताक्षर में 2 पासपोर्ट साईज फोटो 12 फरवरी 2025 को दोपहर 3 बजे तक अनिवार्यत: प्रस्तुत करें। ताकि गणन अभिकर्ता का परिचय पत्र मतगणना दिनांक को पूर्व जारी की जा सके।

### जगदलपुर और रायपुर में ईवीएम खराबी से मतदान में रुकावट, मतदाताओं में नाराजगी

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश में आज नगरीय निकाय चुनाव के मतदान की प्रक्रिया सुबह 8 बजे से शुरू हुई और शाम 5 बजे तक चलेगी। हालांकि, मतदान के दौरान कुछ मतदान केंद्रों पर ईवीएम खराब होने की समस्या सामने आई है, जिससे मतदाताओं में नाराजगी देखने को मिल रही है। जगदलपुर के तीन वार्डों में ईवीएम की खराबी के चलते मतदान प्रभावित हुआ है। विशेष रूप से विद्या चरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 50 के पोलिंग बूथ में वोटिंग मशीन हैंग हो गई है, जिसके कारण आधे घंटे से अधिक समय से लोग मतदान का इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा, जगदलपुर के महाराणा प्रताप वार्ड में भी ईवीएम खराब हो गई, जिससे मतदान रुक गया है। मतदाता कतार में खड़े होकर नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं और ईवीएम को सही करने की प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा, रवींद्रनाथ टैगोर वार्ड क्रमांक 19 और रमैया वार्ड क्रमांक 17 में भी ईवीएम की खराबी देखी गई। रायपुर के अमलीडीह स्थित शासकीय स्कूल में भी ईवीएम हैंग होने की घटना सामने आई है। इस स्थिति के कारण मतदान में देरी हो रही है और चुनाव अधिकारियों द्वारा सुधार कार्य किया जा रहा है।

## नगरीय निकाय निर्वाचन

# मतदान को लेकर मतदाताओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

- सेल्फी प्वाइंट में मतदाताओं ने ली सेल्फी, कहा लोकतंत्र की मजबूती के लिए अवश्य करें मतदान
- चुनई मड़वा थीम पर बने आदर्श मतदान केंद्र रहा आकर्षण, मतदान केन्द्रों पर दिखा उत्साह का माहौल

रायगढ़







नगरीय निकाय निर्वाचन में आज गजब उत्साह देखने को मिला। सुबह 8 बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू हो गई थी। सभी वर्ग के मतदाता मतदान करने अपने केन्द्रों में पहुंचे। जिससे कई जगहों पर लंबी कतारें भी देखने को मिली। पहली बार वोट डालने वाले युवाओं में भी खासा उत्साह देखा गया। वहीं वरिष्ठ मतदाता भी मतदान करने में पीछे नहीं रहे। महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। कई स्थानों पर 80-90 वर्ष की उम्र के बुजुर्ग व्हीलचेयर पर या परिवार के सदस्यों के सहारे मतदान केन्द्र पहुंचे। सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद इसे लोकतंत्र में अपनी भागीदारी का अहम कदम मानते हुए गर्व महसूस कर रहे थे। मतदान को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कड़े इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा बलों की तैनाती से लेकर मतदान केन्द्रों पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करायी गई। कई स्थानों पर विशेष सहायता बूथ बनाए गए थे। ताकि दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो।

**मतदान केन्द्रों पर दिखा उत्साह का माहौल, सेल्फी प्वाइंट में लोगों ने ली सेल्फी-** नगरीय निकाय क्षेत्रों में बनाए गए सभी मतदान केन्द्रों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। जहां मतदाता अपने मतों का प्रयोग किए और मतदान केन्द्र से बाहर आकर सेल्फी प्वाइंट में अपनी तस्वीरें ली और कहा लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी अवश्य करें मतदान।

**चुनई मड़वा थीम पर बने आदर्श मतदान केंद्र रहा आकर्षण**

शहर में तीन आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए थे। जो शहरवासियों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा। इसमें सतीगुड़ी चौक स्थित इंदिरा गांधी स्कूल को पारंपरिक छत्तीसगढ़ी वैवाहिक मंडप मड़वा की थीम पर बनाई गई है और इसे चुनई मड़वा का नाम दिया गया। यहां पर टेंट में पर्रा लगाने के साथ लटकन वाले टेंट लगाए गए हैं, जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इसी तरह बाल विद्या मंदिर को आदिवासी परंपरा के अनुरूप थीम दिया गया। यहां पैरा, झाडू आदि से गेट बनाए गए हैं एवं जैसे आदिवासी परंपरा में पंडाल लगाए जाते हैं, वैसे ही पंडाल लगाकर आदिवासी परंपरा को दर्शाया गया है। इसी तरह जगदेव पाठशाला को भी सामान्य आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया था, यहां भी छत्तीसगढ़ के पारंपरिक वेशभूषा को दर्शाया गया है। इस तरह तीनों आदर्श मतदान केंद्रों को छत्तीसगढ़ी पारंपरिक वेशभूषा मान्यताएं पर आधारित की गई थी।

## वरिष्ठ नागरिकों को मतदान केंद्र तक पहुंचने में पुलिस ने की सहायता

रायगढ़



जिले में नगरी निकाय एवं नगर पंचायत चुनाव आज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। प्रशासन और पुलिस की सख्त निगरानी में मतदान प्रक्रिया पूरी की गई, जिससे कहीं भी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

चुनाव को लेकर प्रशासन ने व्यापक तैयारी की थी। सुबह से ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी लगातार पेट्रोलिंग पर रहे और सेक्टर अधिकारियों ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। वरिष्ठ अधिकारी भी मतदान की स्थिति का जायजा लेकर लगातार निगरानी करते रहे।

कई मतदान केंद्रों में सुबह से ही बड़ी संख्या में मतदाता अपने अधिकार का प्रयोग करने पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग मतदाताओं को बूथ तक पहुंचने में मदद की, जिससे सभी वर्गों के लोगों ने निर्बाध रूप से मतदान किया। सुरक्षा व्यवस्था इतनी मजबूत थी कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना सामने नहीं आई। प्रशासन और पुलिस की मुस्तैदी से मतदान शांतिपूर्ण माहौल में सफलतापूर्वक पूरा हुआ।

## कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने किया मतदान : शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा





रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज नगरीय निकाय निर्वाचन-2025 के अंतर्गत अपने मताधिकार का उपयोग किया। उन्होंने शासकीय इंदिरा गांधी बालक प्राथमिक शाला में बने मतदान केंद्र क्रमांक 51 में मतदान करने पहुंचे। यहां उन्होंने कतार में लगकर मतदान किया। कलेक्टर गोयल ने नगरीय निकायों के अंतर्गत आने वाले सभी नागरिकों को अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की।

शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कलेक्टर गोयल ने शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान का जायजा लिया। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव और नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय भी इस दौरान साथ रहे। कलेक्टर गोयल ने मतदान केंद्रों में पीठासीन अधिकारियों को पूरी सजगता से मतदान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कतार में लगे वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं को प्राथमिकता से मतदान करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने सभी केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## 79 महापौर, 1889 पार्षद प्रत्याशी सहित 606 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद

रायपुर । आरएनएस



छत्तीसगढ़ में आज मंगलवार को नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदान सम्पन्न हुआ। जिसके तहत 10 नगर निगमों रायपुर,अंबिकापुर, कोरबा, चिरमिरी, जगदलपुर, दुर्ग, धमतरी, बिलासपुर, राजनांदगांव और रायगढ़ सहित 49 नगर पालिकाओं और 114 नगर पंचायतों में मतदान किया गया। इस चुनाव में महापौर के 79 और 1889 पार्षद प्रत्याशियों के साथ अध्यक्ष पद के लिए 606 उम्मीदवार मैदान में थे। जिनकी किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है। सभी जगहों के परिणाम 15 फरवरी को घोषित होंगे।

बता दें कि रायपुर नगर निगम से भाजपा ने मीनल चौबे को महापौर प्रत्याशी बनाया है तो वहीं कांग्रेस ने दीप्ती दुबे को प्रत्याशी बनाया है। इस प्रकार दुर्ग से भाजपा ने अल्का बाघमार तो कांग्रेस ने प्रेमलता पोषण साहू को प्रत्याशी बनाया है। कोरबा से कांग्रेस ने उषा तिवारी तो भाजपा से संजू देवी महापोर प्रत्याशी है।

अंबिकापुर से भाजपा ने मंजुषा भगत तो कांग्रेस ने अजय तिर्की को महापौर प्रत्याशी बनाया है। बिलासपुर से भाजपा ने पूजा विधानी तो कांग्रेस ने प्रमोद नायक को महापौर प्रत्याशी बनाया है। राजनांदगांव से भाजपा ने मधुसूदन यादव तो कांग्रेस ने युवा नेता निखिल द्विवेदी को महापौर प्रत्याशी बनाया है। रायगढ़ में भाजपा ने जानकी काटजू तो कांग्रेस ने जीववर्धन चौहान को महापौर प्रत्याशी बनाया है। जगदलपुर से भाजपा ने संजय पांडेय तो कांग्रेस ने मलकीत सिंह गैंदू को महापौर प्रत्याशी बनाया है। चिरमिरी से भाजपा ने रामनरेश राय तो कांग्रेस ने विनय जायसवाल को महापौर प्रत्याशी बनाया है। धमतरी से भाजपा ने जगदीश रामू रोहरा तो कांग्रेस ने विजय गोलछा को महापौर प्रत्याशी बनाया है।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा में किया मतदान

कवर्धा । आरएनएस

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कवर्धा में अपने मताधिकार का उपयोग किया और इस दौरान भाजपा के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष का प्रत्याशी कल्पनाशील, लग्नशील और क्रियाशील होना चाहिए, जो जनता के बीच रहकर शहर की चिंता करे। एक ऐसा व्यक्ति जो पार्षद के रूप में घर-घर जाकर संपर्क करने और व्यक्तिगत रूप से लोगों से बातचीत करने की क्षमता रखता हो, वही सही प्रतिनिधि हो सकता है।

उन्होंने धीमे मतदान होने पर भी लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि जनता ने पहले ही मुद्दों पर चर्चा कर ली है और अब परिणाम देने का समय आ चुका है।

## वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रायगढ़ में किया मतदान, कहा- जनता विकास की राजनीति को चुनने जा रही है



रायपुर । आरएनएस

नगरीय निकाय चुनाव में आज प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो रही है। इस बीच, वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रायगढ़ में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मंत्री ओपी चौधरी ने अपनी पत्नी के साथ अपने गृह नगर रायगढ़ में मतदान किया।

मतदान से पहले मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, जनता सुशासन के साथ है और विकास की राजनीति करने वाली पार्टी को वोट देगी। रायगढ़ निगम तो हम जीतेंगे ही, इसके अलावा सभी निकायों में कमल खिलने जा रहा है। जनता ने एक साल के विकास को देखा है, और अब निकायों में बदलाव की बयार चल रही है। वित्त मंत्री का यह बयान यह दर्शाता है कि वह पूरी तरह से आश्वस्त हैं कि इस बार के नगरीय निकाय चुनावों में उनकी पार्टी को भारी समर्थन मिलेगा।

## विदेशी युवतियों के सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, कोलकाता के मास्टरमाइंड तक पहुंची पुलिस

रायपुर । आरएनएस



रायपुर में एक वकील के साथ उज्बेकिस्तान की युवती के सडक़ हादसे के बाद हुए बवाल ने पुलिस को एक बड़े सेक्स रैकेट के मामले तक पहुंचा दिया है। इस मामले की जांच के दौरान रायपुर से लेकर कोलकाता तक छत्तीसगढ़ में विदेशी युवतियों के सेक्स रैकेट का जाल सामने आया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस रैकेट के मास्टरमाइंड कोलकाता में बैठा था, जो रायपुर समेत पूरे छत्तीसगढ़ में सेक्स रैकेट का संचालन कर रहा था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने रायपुर और अन्य शहरों के कई लिंक एजेंटों को गिरफ्तार किया है, जिनमें रायपुर के दो एजेंटों के साथ अंबिकापुर और कवर्धा के दो लिंक भी शामिल हैं। पुलिस ने अब तक आधा दर्जन एजेंटों को गिरफ्तार किया है और उनकी गिरफ्तारी के बाद छत्तीसगढ़ में इस रैकेट के तार जुड़ते गए हैं। जानकारी के अनुसार, कोलकाता के मास्टरमाइंड ने मुंबई में अपनी इंटरनेट एजेंसियों के सहयोग से इस रैकेट का संचालन किया था। रैकेट में शामिल लोग वेबसाइट के जरिए कॉल प्राप्त करते थे, फिर वाट्सएप पर युवतियों की तस्वीरें भेजकर सौदे करते थे और ऑनलाइन भुगतान होते ही सफेदपोश ग्राहकों को रायपुर, दुर्ग-भिलाई, अंबिकापुर और बिलासपुर के होटलों में भेजते थे।

## मतदान मे व्यस्त शहर में दिनदहाड़े 60 लाख की डकैती

रायपुर । आरएनएस



छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मतदान के दौरान डकैतों ने एक बडी़ घटना को अंजाम दिया है। शहर के खमहारडीह क्षेत्र में डकैतों ने एक घर में घूसकर परिवार को बंधक बनाकर 60 लाख रुपये लूटे और फरार हो गए। डकैती को अंजाम देने आये चार अपराधी मिलिट्री की ड्रेस पहने हुए थे तथा खुद को लाल सलाम गैंग का सदस्य बता रहे थे। इस डकैती से पूरे क्षेत्र में हडक़ंप मच गया है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को एक ओर जहां पूरे प्रदेश में लोग मतदान करने के लगे हुए थे वहीं दूसरी ओर राजधानी रायपुर के खम्हारडीह थाना क्षेत्र के अनुपम नगर में रहने वाले वनोहरण वेणु के घर में अचानक चार डकैत मिलिट्री ड्रेस में घुसे और पिस्टल तानकर पूरे परिवार को बंधक बना लिया और घर में रखे 60 लाख रुपय नकदी लेकर भाग निकले। बताया जाता है कि वनोहरण वेणू ने हाल ही में अपनी जमीन बेची थी तथा घर पर ही 60 लाख रुपये नगद रखे थे। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के दौरान पुलिस को घटना से जुड़ा सीसीटीव्ही फु टेज मिला है। जिसमें आरोपी मिलिट्री की वर्दी में घर में घुसते नजर आ रहे हैं। फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है। वहीं आरोपियों की पतासाजी के लिए डॉग स्क्वॉड को बुलाया गया है और शहर के बॉर्डर पर नाकेबंदी के साथ बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और अन्य स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। वहीं इस बात पर भी सवाल उठ रहे है कि आरोपियों को कैसे पता चला कि पीडि़त वनोहरण वेणु के घर में इतना बड़ी नगदी रकम रखी हुई है। पुलिस इस एंगल की भी जांच कर रही है। इधर दिनदहाड़े हुई इस घटना के बाद से क्षेत्र के लोग डरे हुए हैं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480